# कृष्ण कन्हैया बंसी बजैया नंदलाला घनश्याम रे लिरिक्स

कृष्ण कन्हैया बंसी बजैया,
नंदलाला घनश्याम रे,
गोवर्धन गिरधारी कान्हा,
तेरे कितने नाम रे,
बोलो श्याम राधे श्याम,
बोलो श्याम राधे श्याम।**bd**।

---

श्यामसखा गिरिवरधारी,
मुरली मनोहर बनवारी,
जितने सुंदर नाम है तेरे,
उतने सुंदर काम रे,
गोवर्धन गिरधारी कान्हा,
तेरे कितने नाम रे,
बोलो श्याम राधे श्याम,
बोलो श्याम राधे श्याम।**bd**।

---

मोहन तुम ब्रज के ग्वाला,
रसिया माधव गोपाला,
तेरा ध्यान धरूँ नटनागर,
हर सुबह हर शाम रे,
गोवर्धन गिरधारी कान्हा,
तेरे कितने नाम रे,
बोलो श्याम राधे श्याम,
बोलो श्याम राधे श्याम।**bd**।

---

इतना दो वरदान प्रभु,
कर दो यह एहसान प्रभु,
तेरे चरणों में बीते ये मेरी,
उम्र तमाम रे,
गोवर्धन गिरधारी कान्हा,
तेरे कितने नाम रे,
**Bhajan Diary Lyrics,**
बोलो श्याम राधे श्याम,
बोलो श्याम राधे श्याम।**bd**।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कृष्ण कन्हैया बंसी बजैया,
नंदलाला घनश्याम रे,
गोवर्धन गिरधारी कान्हा,
तेरे कितने नाम रे,
बोलो श्याम राधे श्याम,
बोलो श्याम राधे श्याम।bd।

स्वर – अनूप जलोटा जी।
प्रेषक – ऋषि कुमार विजयवर्गीय।
**7000073009**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com